आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 26.03.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की एक मात्र लोकसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन है।
- लोक सभा चुनाव में चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।
- मतदान से एक दिन पहले मतदान टीम को नेताजी स्टेडियम से मतदान सामाग्रियां और ईवीएम जारी किया जाएगा।
- लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।
- रंगो का त्यौहार होली कल द्वीपसमूह में परम्परिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की एक मात्र लोकसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस मार्च को की जाएगी और तीस मार्च तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकते है। अब तक लोकसभा चुनाव के लिए तीन राजनीतिक दलों की ओर से अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। आज और कल नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।

<><><><><><><>

लोक सभा चुनाव में चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। पोर्ट ब्लेयर तहसील के चुनाव ड्यूटी के कर्मचारियों के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम हाल ही में डीब्रेट के सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि मतदान कराने में ऐसे कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों की यह जिम्मेदारी होती है कि वे अपने–अपने मतदान केन्द्रो में मतदान कराए और उन्हें मतदान प्रक्रिया की अच्छी तरह से जानकारी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के कंधे पर यह भी ज़िम्मेदारी है कि

वे भारतीय चुनाव आयोग की ओर से जारी सभी निर्देशों का पालन करे, तथा मतदान की गोपनीयता और अखण्डता को बनाए रखे। श्री अर्जुन शर्मा ने कहा कि मतदान के दिन, मतदान से पहले मतदान बूथ का संचालन कर रहे अधिकारियों को सभी चुनाव प्रक्रिया को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि मतदान से एक दिन पहले मतदान टीम को नेताजी स्टेडियम से मतदान सामाग्रियां और ई वी एम जारी किया जाएगा और संबंधित अधिकरियों को अपने–अपने मतदान केन्द्र रवाना होने से पहले सभी सामानों का अच्छी तरह से जांच कर लेना होगा। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारियों को मतदान किट के महत्व के बारे में अवश्य समझना होगा और मतदान बूथ रवाना होने से पहले सभी चुनाव सामाग्रियों का दोबारा जांच कर लेनी होगी।

उन्होंने मतदान अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे नेताजी स्टेडियम से रवाना होने से पूर्व सभी मतदान सामाग्रियों की जांच के लिए अतिरिक्त समय ले ले, ताकि उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के दिन कोई शंका न रह जाए। श्री अर्जुन शर्मा ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को अपने–अपने बूथ में मतदान के लिए जरूरत के सभी सामानों के साथ अन्य सामानों की भी जांच करनी होगी। साथ ही वी.वी. पेड मशीनों को ऐसे स्थान पर स्थापित करना होगा, जहां सूरज की रोशनी सीधे न पडती हो। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो सके मतदान के दिन उम्मीदवारों या उनके एजेन्टों के सामने सुबह साढ़े पांच बजे बनावटी मतदान शुरू करना होगा। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे मतदान की समाप्ति और मतदान के बाद जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय एकत्र केन्द्र में ई.वी.एम. को सौंपे जाने से पहले जरूरी फार्म को जरूर भरे। स्रोत अधिकारी सोम नायडू ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम चुनाव ड्यूटी में तैनात पीठासीन अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को चुनाव कराने में उनकी भूमिका और ज़िम्मेदारी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अपने–अपने मतदान केन्द्रों में शान्तिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न कराने में पीठासीन अधिकारियों की अहम भूमिका है। चुनाव मैनुअल के अनुसार पीठासीन अधिकारी को अपने–अपने बूथ के अन्दर पूरे प्रबंध को देखने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में सुबह ठीक सात बजे मतदान शुरू हो जाना चाहिए, जिसके लिए सभी मतदान अधिकारियों को अपने–अपने मतदान केन्द्रों में औपचारिकताओं की पूर्ति के लिए पहले से उपस्थित रहना होगा। इस अवसर पर डॉ. ए. अब्राहम ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से चुनावी प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

<><><><><><><>

आगामी लोक सभा चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रेत कला के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप टीम की ओर से कार्बाइंसकोव में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान रेत पर ''चुनाव का पर्व–देश का गर्व'' संदेश का प्रदर्शन किया गया। निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कार्बाइंस–कोव का दौरा कर उन्नीस अप्रैल को पहले चरण के तहत द्वीपों में होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए स्वीप टीम के प्रयासों की सराहना की।

उधर, ई वी एम और वी.वी. पेड मशीन के इस्तेमाल के बारे में जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारियों और अन्य मतदान कर्मियों ने ईवीएम और वी.वी. पेड के संचालन के बारे में जानकारी हासिल की।

<><><><><><><>

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्प लाइन की भी सुविधा प्रदान की गई है। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से इस हेल्प लाइन को मतदाताओं की सुविधा के लिए और उपयोगी बनाया गया है। द्वीपों के किसी भी क्षेत्र में रहने वाले लोग निःशुल्क नम्बर–एक नौ पांच शून्य डायल कर अपनी शिकायतें या शंकाओं को दर्ज करा सकते है। वे मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया के अलावा एपिक कार्ड, मतदान की तिथि ऑनलाइन पंजीकरण, मतदान केन्द्र जैसी कई सुविधाएं प्राप्त कर सकते है। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी. एस. जगलान ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे चुनाव आचार संहिता के दौरान किसी भी अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी दे सकते है। रिश्वत देने या डराने–धमकाने की शिकायते भी इस निःशुल्क नम्बर पर दी जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से सी–विजील ऐप्प डाउनलोड करने और आयोग को चुनावी प्रक्रिया में अपना सहयोग देने का अनुरोध किया है। वोटर हेल्प लाइन नम्बर–एक नौ पांच शून्य इसलिए चुना गया है, क्योंकि वर्ष उन्नीस सौ पचास में भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी।

<><><><><><><>

रंगो का त्यौहार होली कल द्वीपसमूह में परम्परिक उत्साह के साथ मनाया गया। बडी संख्या में लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। पोर्ट ब्लेयर के निकट कार्बाइंसकोव में भारी संख्या में लोग मौजूद थे और इन्होंने भी जम कर होली खेली और स्नान किए। राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने भी होली के अवसर पर टोलियों के बीच पहुंचकर होली खेली और अपनी उपस्थिति प्रकट की।

उधर, पंगुणी उत्सव का पर्व मनाए जाने के सिलसिले में बर्मानाला के श्री शिवन मन्दिर में आज दिन में दो बजे कावाडियों की रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसका समापन श्री अंगाला परमेश्वरी मन्दिर में श्रद्धालुओं द्वारा अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय देंगे। उसके बाद अन्नदानम की व्यवस्था भी की गई है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का हाल ही में समापन हो गया। इस मेले में दक्षिण और मध्योत्तर अण्डमान के विभिन्न गांवों से पांच सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थिति को संबोधित करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के बागवानी विज्ञान के पूर्व उप–महानिदेशक डॉ. एन. के. कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि थे, उन्होंने बागवानी फसलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने उपज से बेहतर आमदनी प्राप्त करने के लिए मूल्य संवर्धन और मान्यता प्राप्त करने पर जोर दिया। उन्होंने उत्पादों को ब्रैण्ड अण्डमान का नाम देने को कहा ताकि, उन्हें इसका लाभ मिल सकें। क्यारी के निदेशक डॉ. ई. बी. चाकुरकर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में किसान मेला के सफल आयोजनों पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान पन्द्रह कृषकों को कृषि और संबद्ध क्षेत्र में प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आखिर में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वाई रामाकृष्णा ने दो दिवसीय किसान मेले पर रिपोर्ट प्रस्तुत की।

<><><><><><><>

स्वदेशी दवा निर्माता कम्पनी भारत बॉयोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने तपेदिक यानी टीबी के टीके– एमटीबी वैक का वयस्कों पर चिकित्सीय परीक्षण शुरु कर दिया है। भारत बॉयोटेक के अनुसार, टीबी का यह पहला टीका है जिसे स्पेन की दवा निर्माता कम्पनी– बॉयोफेब्री ने मानव स्रोत से तैयार किया है। परीक्षण के पहले चरण में यह टीका एचआईवी से संक्रमणरहित वयस्कों को लगाया गया है। दूसरे चरण में यह टीका एच.आई.वी ग्रस्त वयस्कों को दिया जा रहा है। इस परीक्षण का उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि यह टीका लोगों के लिए सुरक्षित है अथवा नहीं। कम्पनी ने आशा व्यक्त की है कि एम.टी.बी. वैक टीका एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

<><><><><><><>